श्रीगंगानगर से रायसिंहनगर तक नये नेशनल हाईवे को मंज़ूरी

drishtiias.com/hindi/printpdf/new-national-highway-approved-from-sriganganagar-to-raisinghnagar

चर्चा में क्यों?

हाल ही में केंद्र सरकार ने **श्रीगंगानगर से रायसिंहनगर के लिये नेशनल हाईवे को मंज़ूरी** दे दी है। देश में राष्ट्रीय राजमार्गों को विकसित करने के महत्त्वाकांक्षी **भारतमाला प्रोजेक्ट** में **श्रीगंगानगर के समीप साधुवाली से लेकर रायसिंहनगर के भोमपुरा तक 102 किलोमीटर लंबे एनएच-911** को मंज़ूरी दी गई है।

प्रमुख बिंदु

- नेशनल हाईवे के अधिकारियों के अनुसार इसकी कार्यकारी एजेंसी **नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई)** रहेगी। इससे पूर्व **'भारत माला प्रोजेक्ट' के इस एनएच-911 का रायसिंहनगर से रोजड़ी तक 98 किमी. का हिस्सा** बन चुका है। साधुवाली से भोमपुरा तक निर्माण पूरा होने से 200 किलोमीटर सीमा पट्टी पूरी तरह से बेहतर सड़क सुविधा से जुड़ जाएगी।
- अधिकारियों के अनुसार **हाईवे का निर्माण दो साल में पूरा किया जाएगा**। यह नेशनल हाईवे 10 मीटर चौड़ा होगा। इस पर ट्रक व अन्य भारी मालवाहक वाहन 100 किमी. प्रति घंटा से ज़्यादा रफ्तार से दौड़ सकेंगे। इस हाईवे पर 70 किमी. तक मौजूदा सड़क को ही चौड़ा किया जाएगा। बाकी 32 किमी. नई रोड़ बनेगी।
- गौरतलब है कि **इस बॉर्डर एरिया में नेशनल हाईवे नहीं था**। ज़िले में श्रीगंगानगर से राजियासर तक नेशनल हाईवे ही बड़े शहरों को जोड़ता है। एनएच-911 से बॉर्डर एरिया में रोड़ कनेक्टिविटी बेहतर बनेगी। भारी माल वाहक वाहनों की आवाजाही बढ़ेगी साथ ही बॉर्डर एरिया के कस्बों में नये उद्योग पनपने की संभावना बनेगी।